>

Title: Need to protect agricultural crops from the damage by wild animals in Sabarkantha parliamentary constituency, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा एक अति पिछड़ा क्षेत्र है तथा जंगल एवं पहाड़ियों से घिरा हुआ है। जंगली जानवर जैसे कि नीलगाय और सुअर आदि बड़ी संख्या में झुंड बनाकर खेतों में घुस आते हैं और चंद घंटों में पूरी फसल को नष्ट कर देते हैं। किसान को रात-दिन अपनी फसल की रखवाली हेतु खेतों में रहना पड़ता है तथा पूरी रात रखवाली हेतु खेतों में रहना पड़ता है तथा पूरी रात जागकर चौकसी करनी पड़ती है। इसमें जरा सी भी चूक हुई तो अल्प समय में ही जंगली जानवर किसानों की कड़ी मेहनत से तैयार फसल को नष्ट कर देते हैं।

यह एक बड़ी गंभीर समस्या है तथा इसे कृषि तथा किसान को बचाना अत्यंत जरूरी है। अतः इस संबंध में मेरा सरकार को सुझाव है कि वह वन विभाग की भूमि को जिसमें ज्यादातर जंगली जानवर निवास करते हैं इसके चारों ओर गहरी खाई बनाकर साथ में कटीले तारों की फैंसिंग से बंद कर देना चाहिए तथा जंगल के अंदर ही जानवरों के पानी के लिए तालाब की व्यवस्था करनी चाहिए।